any scheme to establish a ferro-manganese plant in Madhya Pradesh for the exploitation of vast deposits of Manganese in the State ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI KARIA MUNDA) : No, Sir.

केन्द्रीय अभ्रक खान मजदूर चिकित्सालय बिहार के कर्मचारियों को निम्नतम मजरी

3155. **श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा :** क्या **संसदीय कार्य तथा श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अभ्रक श्रमिक कल्याण निधि से चलने वाले केन्द्रीय अभ्रक खान मजदूर चिकित्सालय, करमा (कोडरमा), बिहार के 26 कर्मचारी पिछले आठ-दस वर्षों से 3 रुपये प्रतिदिन की मजूरी पर कार्य कर रहे हैं; और क्या उन मजदूरों को केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित निम्नतम मजूरी 5 रु० 80 पैसे का भुगतान नहीं किया जा रहा है; और

(ख) क्या सरकार का विचार उन्हें निम्नतम मजूरी दिलाने अथवा उन्हें सेवा में नियमित कराने का है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री लारंग साय) : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जाएगी ।

देश में ग्रामीण स्वास्थ्य रक्षकों को प्रशिक्षण

3156. **श्री रीत लाल :**

श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :

श्री दया राम शाक्य :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई ग्रामीण स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत प्रत्येक राज्य में अब तक कितने ग्रामीण स्वास्थ्य रक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है और उनमें से कितने ग्रामीण स्वास्थ्य रक्षकों को नौकरियां प्रदान की गई हैं; और

(ख) बिहार के प्रशिक्षण केन्द्रों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं की संख्या कितनी है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) चुने हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 15202 जन स्वास्थ्य रक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । प्रशिक्षार्थियों की यह पहली टोली है । राज्य वार स्थिति विवरण "क" पर है । दिसम्बर, 77 के अन्त तक वर्तमान टोली का प्रशिक्षण समाप्त होने पर ये जन स्वास्थ्य रक्षक अपने गांवों में जा कर समुदाय की सेवा करेंगे । इन कार्यकर्ताओं को प्रतिवर्ष 600 रुपये की दर से आनरेरियम और 600 रूपये की दवाइयां सरकार से मिलेंगी ।

(ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है ।